भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 18.10.2024

### रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–18.10.2024को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

अपर सदस्य ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान तैयार हो रहे दीन–दयालु, एसी3, चेयरकार, एवं लगेज रैक के निर्माण में उपयोग होने वाली सामग्री की गुणवत्ता के सुधार हेतु कुछ आवश्यक सुझाव दिए। विभिन्न शॉपों में कार्यरत मशीनों की कार्य दक्षता की जानकारी ली और इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों की मशीन संचालन की दक्षता के संबंध में बातचीत की।

श्री पंकज ने अपने दौरे के दौरान सामान्य यात्रियों के सफर के लिए बनने वाले स्लीपर एवं जनरल कोचों के निर्माण पर निर्देश दिया जिससे आने वाले समय में प्रत्येक ट्रेन में जनरल एवं स्लीपर क्लास के कोचों की संख्या बढाई जा सके।

फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को बढाने के लिए एवं प्लाण्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया एवं बताया कि आने वाले समय में फोर्ज्ड व्हीलों की मांग बढेगी इसलिए उत्पादन बढाने के लिए जरूरी कदम उठाए जाएं।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कुमार कटियार, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीसीईई हरीश चंद्र, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव एवं व्हील फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारी साथ ही आरडीएसओ एवं आइसीएफ चेन्नई के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

(आर.एन.तिवारी ) 18/10/2024
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी